# चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
## Ch. Charan Singh University, Meerut

पत्रांक :– सम्बद्धता/871
दिनांक : 15-07-2021

सेवा में,

श्रीमति सीमा शर्मा,
प्रवक्ता, (बी0एड0 संकाय)
एस0एस0वी0 कालेज, हापुड।
निवासी:– 01/1073, न्यू श्रीनगर,
एफ0सी0आई0 कालोनी, जनपद हापुड।

महोदया,

कृपया श्री शोभित मिश्रा पुत्र श्री रघुनन्दन मिश्रा के पत्र दिनांक 23.11.2020 का सन्दर्भ ग्रहण करें जिसके द्वारा उन्होंने एस0एस0वी0 (पी0जी0) कालेज, हापुड में स्ववित्त पोषित योजना के अन्तर्गत संचालित बी0एड0 पाठयक्रम में प्रवक्ता पद पर आपकी नियुक्ति के सन्दर्भ में शिकायत की है।

उक्त के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि मा0 कुलपति महोदय द्वारा प्रकरण की जाँच हेतु एक समिति का गठन किया गया है। जाँच समिति की बैठक दिनांक 19.07.2021 को प्रस्तावित है।

अतः आपको श्री शोभित मिश्रा के पत्र दिनांक 23.11.2020 की प्रति इस आशय के साथ प्रेषित की जा रही है कि उक्त के सम्बन्ध में अपनी आख्या सहित दिनांक 19.07.2021 को दोपहर 12:00 बजे समिति कक्ष में समिति के समक्ष उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें।

यदि आप द्वारा निर्धारित अवधि पर उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत नहीं किया जाता है तो यह अवधारित किया जायेगा कि आपको सन्दर्भित प्रकरण के सम्बन्ध में कुछ नहीं कहना है/प्रस्तुत करना है। तथा विश्वविद्यालय द्वारा नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी।

संलग्नक:– उपरोक्तानुसार।

भवदीय,

सहायक कुलसचिव (सम्बद्धता)
कृते कुलसचिव

प्रतिलिपि:–

01. सचिव कुलपति को मा0 कुलपति महोदय के संज्ञानार्थ।
02. सचिव कुलसचिव को कुलसचिव महोदय के सूचनार्थ।
03. समिति के मा0 सदस्यों को सूचनार्थ।
04. श्री शोभित मिश्रा पुत्र श्री रघुनन्दन मिश्रा, निवासी– गली नम्बर–03, अजन्ता कालोनी, गढ रोड, मेरठ को इस आशय के साथ प्रेषित कि वे दिनांक 19.07.2021 को दोपहर 12:30 बजे विश्वविद्यालय के समिति कक्ष में समिति के समक्ष उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें।

सहायक कुलसचिव (सम्बद्धता)
कृते कुलसचिव

Lalit (84)